वेबसाइटः www.bankofbaroda.in ईमेल: corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान/**Place:**Mumbai तारीख/**Date**: 07.03.2024

**प्रेस विज्ञप्ति /Press Release**

# इस महिला दिवस पर महिलाओं के वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा बचत और चालू खातों पर विशेष पेशकश

*महिला ग्राहक बॉब महिला शक्ति बचत खाता या बॉब वूमेन पावर चालू खाता खोलने पर रिटेल ऋण पर अधिमानी ब्याज दर, प्रोसेसिंग प्रभार पर **100%** छूट, लॉकर प्रभार पर **50%** छूट और अन्य लाभ प्राप्त कर सकती हैं।*

**मुंबई**, **07 मार्च**, **2024:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने आज अपनी महिला खाताधारकों के लिए **बॉब महिला शक्ति बचत खाता** या **बॉब वूमेन पावर चालू खाता** विशेष रूप से महिलाओं के लिए डिज़ाइन किए गए खाते खोलने पर आकर्षक पेशकश और लाभों की घोषणा की है। यह पेशकश दिनांक 30 जून, 2024 तक खोले गए खातों और दिनांक 31 दिसंबर, 2024 तक प्राप्त की जाने वाली ऋण सुविधाओं के लिए लागू है।

बॉब महिला शक्ति बचत खाता और बॉब वूमेन पावर चालू खाता में अब विशेष रूप से महिलाओं के लिए कई पेशकश की जा रही हैं, जिनमें रिटेल ऋण पर 25 आधार अंक तक की ब्याज दर रियायत (दोपहिया वाहन ऋण पर 0.25% की छूट, शिक्षा पर 0.15% की छूट) ऑटो ऋण, गृह ऋण और मॉर्गेज ऋण पर 0.10% की छूट); रिटेल ऋण (व्यक्तिगत ऋण सहित) पर प्रोसेसिंग प्रभार की पूर्ण छूट और वार्षिक सुरक्षित जमा लॉकर प्रभार पर 50% की छूट।

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री देबदत्त चांद** ने कहा, बैंक ऑफ़ बड़ौदा पीढ़ियों से महिलाओं के लिए एक विश्वसनीय बैंकिंग भागीदार रहा है। इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हमें महिलाओं और महिलाओं के नेतृत्व में संचालित उद्यमों को अपना सहयोग देने और वित्तीय सशक्तिकरण एवं स्वतंत्रता की दिशा में उनके मूल्यवर्द्धन हेतु अनुकूलित पेशकशों की एक श्रृंखला के साथ सहर्ष उनकी यात्रा को गति देने में प्रसन्नता हो रही है।"

**बॉब महिला शक्ति बचत बैंक खाता में बचत** की सुविधा के अलावा से ग्राहकों के लिए ₹2 लाख तक के व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर के साथ नि:शुल्क रुपे प्लेटिनम डेबिट कार्ड, नि:शुल्क घरेलू हवाई अड्डे लाउंज का उपयोग (प्रति तिमाही 2), नि:शुल्क एसएमएस अलर्ट, प्रति वर्ष नि:शुल्क 30 चेक पन्ने और एक ऑटो स्वीप सुविधा की पेशकश करता है।

**बॉब वूमेन पावर चालू खाता** महिला उद्यमियों और लाभार्थी स्वामी की महिला व्यवसायी के लिए तैयार किया गया एक समर्पित चालू खाता है। बॉब वूमेन पावर चालू खाता महिला उद्यमियों को उनके व्यवसाय में प्रदान करने के लिए उन्नत विशेषताएं और सुविधाएं प्रदान करता है जैसे नकद जमा शुल्क में रियायत, क्यूआर कोड के साथ नि:शुल्क 2 साउंडबॉक्स और 1 पीओएस/एमपीओएस, ₹25 लाख तक की संपार्श्विक-मुक्त ओवरड्राफ्ट सुविधा, नि:शुल्क आरटीजीएस/ एनईएफटी/ आईएमपीएस/ यूपीआई (ऑनलाइन मोड के माध्यम से), स्वीप सुविधा और केवल ₹10,000 की कम मासिक औसत शेषराशि आवश्यकता के साथ कई अन्य लाभ।

**बॉब महिला शक्ति बचत खाते की मुख्य विशेषताएं:**

- रिटेल ऋण पर रियायती ब्याज दरें (दोपहिया वाहन ऋण पर 0.25%, शिक्षा ऋण पर 0.15%, ऑटो ऋण, गृह ऋण और मॉर्गेज ऋण पर 0.10% की छूट)
- रिटेल ऋण व्यक्तिगत ऋण, ऑटो/ दोपहिया ऋण, शिक्षा ऋण, गृह ऋण, बंधक ऋण पर प्रोसेसिंग प्रभार पर 100% छूट
- वार्षिक सुरक्षित जमा लॉकर प्रभार पर 50% की छूट
- ₹2 लाख तक के नि:शुल्क व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर के साथ प्रमुख ब्रांडों पर आकर्षक पेशकश के साथ नि:शुल्क रुपे प्लेटिनम डेबिट कार्ड की सुविधा।
- घरेलू हवाई अड्डे के लाउंज का काम्प्लीमेन्टरी उपयोग (प्रति तिमाही 2)
- प्रतिवर्ष 30 चेक पन्ने निःशुल्क
- निःशुल्क एसएमएस अलर्ट
- ऑटो स्वीप सुविधा उपलब्ध है

**बॉब वूमेन पावर चालू खाते की मुख्य विशेषताएं:**

- रिटेल ऋण पर रियायती ब्याज दरें (दोपहिया वाहन ऋण पर 0.25%, शिक्षा ऋण पर 0.15%, ऑटो ऋण, गृह ऋण और मॉर्गेज ऋण पर 0.10% की छूट)
- रिटेल ऋण पर प्रोसेसिंग प्रभार में 100% छूट - व्यक्तिगत ऋण, ऑटो/ दोपहिया ऋण, शिक्षा ऋण, गृह ऋण, मॉर्गेज ऋण
- वार्षिक सुरक्षित जमा लॉकर प्रभार पर 50% की छूट
- एमएबी के 10 गुना के अधीन प्रति दिन ₹1,00,000/- तक नकद जमा प्रभार में छूट,
- क्यूआर कोड के साथ 2 साउंडबॉक्स और 1 पीओएस/एमपीओएस निःशुल्क
- ₹25,00,000/- तक संपार्श्विक मुक्त ओवरड्राफ्ट सुविधा
- निःशुल्क आरटीजीएस/ एनईएफटी/ आईएमपीएस/ यूपीआई (ऑनलाइन मोड के माध्यम से)
- ऑटो स्वीप सुविधा उपलब्ध है
- नि:शुल्क 50 चेक पन्ने
- वीज़ा व्यापार डीआई डेबिट कार्ड
- आजीवन निःशुल्क कॉर्पोरेट क्रेडिट कार्ड (पात्रता के अधीन)
- क्यूरेटेड बड़ौदा कैश मैनेजमेंट सर्विसेज और इंटरनेट पेमेंट गेटवे (आईपीजी) सुविधा उपलब्ध है

- मासिक औसत शेष ₹10,000/-

विवरण एवं बॉब महिला शक्ति बचत खाते के लिए आवेदन करने के लिए, यहां क्लिक करें।
विवरण एवं बॉब वूमेन पावर चालू खाते के लिए आवेदन करने के लिए, यहां क्लिक करें।

**About Bank of Baroda**

Founded on 20th July, 1908 by Sir Maharaja Sayajirao Gaekwad III, Bank of Baroda is one of the leading commercial banks in India. At 63.97% stake, it is majorly owned by the Government of India. The Bank serves its global customer base of ~165 million through over 70,000 touch points spread across 17 countries in five continents and through its various digital banking platforms, which provide all banking products and services in a seamless and hassle-free manner. The Bank's vision matches the aspirations of its diverse clientele base and seeks to instil a sense of trust and security in all their dealings with the Bank.

- Visit us at www.bankofbaroda.in
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

**For media queries, please contact:**

Bank of Baroda: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
Perfect Relations: Sneha Joshi | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com